
# बनारस में 75 एकड़ में बनेगा टेक्सटाइल पार्क

■ **NBT न्यूज, वाराणसी**



■ जल्द कैबिनेट से मिलेगी मंजूरी, MSME मंत्री राकेश सचान ने दी जानकारी

बनारस में टेक्सटाइल पार्क की बरसों पुरानी मांग जल्द पूरी होने वाली है। 75 एकड़ एरिया में टेक्सटाइल पार्क बनाया जाएगा। इसके लिए रमना इलाके में जमीन की तलाश कर ली गई है। टेक्सटाइल पार्क का प्रस्ताव जल्द ही प्रदेश की कैबिनेट में स्वीकृत होगा। यह जानकारी बनारस आए एमएसएमई, हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने बुनकरों और साड़ी उद्यमियों के साथ संवाद में दी।

बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार बुनकरों की बेहतरी के लिए काम कर रही है। पूर्वांचल में कृषि के बाद टेक्सटाइल सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। यह कुटीर उद्योग है, जिसको संरक्षण की जरूरत है। बनारस के साड़ी उद्योग की बेहतरी के लिए जो भी कदम जरूरी होंगे, उठाए जाएंगे। प्रदेश भर में बुनकरों के साथ संवाद कर उनसे सुझाव लिए जा रहे हैं। उन पर कार्ययोजना तैयार कर मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। बुनकरों की बिजली सब्सिडी के संबंध में स्थायी समाधान किया जाएगा। संवाद में वस्त्र विभाग के अपर मुख्य सचिव अनिल सागर ने बताया कि प्रदेश में बुनकरों को प्रतिवर्ष लगभग 900 करोड़ की सब्सिडी दी जा रही है। संवाद में बुनकर बिरादराना तंजीमों ने बुनकरों के घरों पर नगर निगम द्वारा वाणिज्यिक गृहकर लगाए जाने को अव्यवहारिक बताया।